# कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी

## KRISHI VIGYAN KENDRA, Bundi

प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)
DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION (AGRICULTURE UNIVERSITY, KOTA)
पी.ओ. बॉक्स–4, श्योपुरिया की बावड़ी, नैनवा रोड, बूंदी – 323001, (राज.)
P.O. Box-4, Shyopuria Ki Bawari, Nainwa Road, Bundi - 323001, (Raj.) India

भाकृअनुप ICAR

डॉ. महेश चौधरी (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Dr. Mahesh Choudhary (Senior Scientist & Head)
Email : kvkbundi@aukota.org
Website : http://bundi.kvk2.in/
9829408402 (Mob.)

F. ( )/KVK/BND/2026/297-302 — Date: 22.06.2026

# सार्वजनिक सूचना

### खुली बोली (Open Auction) द्वारा अनुपयोगी / नाकारा सामान की नीलामी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी, में उपलब्ध अनुपयोगी / नाकारा सामान की "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी। नीलामी से संबंधित तिथि, समय, धरोहर राशि (EMD), आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण उपर्युक्त सारणी में अंकित हैं।

| क्र.सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | खुली बोली (नीलामी) सूचना क्रमांक | केवीके/बूंदी/नीलामी/2026/297-302<br>दिनांक 22.06.2026 |
| 2. | बोलीदाता पंजीकरण एवं धरोहर राशि (EMD) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.06.2026, प्रातः 11:30 बजे तक |
| 3. | खुली बोली (नीलामी) की तिथि, समय एवं स्थान | 30.06.2026, दोपहर 12:00 बजे, कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी |
| 4. | नीलामी हेतु उपलब्ध अनुपयोगी/नाकारा सामग्री का कुल पुस्तक मूल्य | ₹12,50,000/- (रुपये बारह लाख पचास हजार रुपये मात्र) |
| 5. | धरोहर राशि (EMD) | ₹20,000/- (रुपये बीस हजार मात्र) |
| 6. | आरक्षित मूल्य (Reserve Price) | ₹1,80,000/- (रुपये एक लाख अस्सी हजार मात्र) |

खुली बोली में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक बोलीदाता को ₹20,000/– (रुपये बीस हजार मात्र) की धरोहर राशि (EMD) निर्धारित समय तक **PROGRAMME COORDINATOR KVK BUNDI** के बैंक खाते, डिमांड ड्राफ्ट अथवा उपलब्ध QR Code के माध्यम से जमा करवाकर उसकी रसीद प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि जमा किए किसी भी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। इच्छुक खरीदार कार्यालय समय में नीलामी हेतु उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी की विस्तृत शर्तें एवं सामग्री की सूची कार्यालय से अथवा **www.sppp.rajasthan.gov.in**. पर तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aukota.org से प्राप्त की जा सकती हैं। सफल बोलीदाता को निर्धारित अवधि में नियमानुसार पूर्ण राशि जमा कर सामग्री उठानी होगी। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं कराने अथवा सामग्री नहीं उठाने की स्थिति में धरोहर राशि नियमानुसार जब्त कर ली जाएगी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र को पुनः नीलामी कराने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**

1. श्रीमान निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
3. श्रीमान नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को नीलामी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. समिति के समस्त सदस्य।
5. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञानं केंद्र बूंदी/ कृषि विश्वविद्यालय कोटा

22.06.2026

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

# नीलामी की शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक बोलीदाता को ₹20,000/- (रुपये **बीस हजार मात्र**) की धरोहर राशि (EMD) नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व **Programme Coordinator, KVK Bundi** के **ICICI Bank, गणेश प्लाजा, बूंदी**, खाता संख्या **685901700420**, **IFSC Code: ICIC0006859** में जमा करवानी होगी अथवा **Programme Coordinator, KVK Bundi** के पक्ष में (In Favour of) डिमांड ड्राफ्ट अथवा खाता-देय (Account Payee) चेक के माध्यम से जमा करवानी होगी। नकद राशि स्वीकार नहीं की जाएगी। बैंक में जमा राशि की रसीद अथवा डिमांड ड्राफ्ट/चेक की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में किसी भी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. नीलामी में भाग लेने हेतु बोली प्रपत्र कार्यालय समय में कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी से प्राप्त किया जा सकता है अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aukota.org से डाउनलोड किया जा सकता है।
3. प्रत्येक बोलीदाता के पास **PAN Card, Aadhaar Card** तथा **GST Registration** (यदि लागू हो) होना आवश्यक है। इनकी स्वप्रमाणित प्रतियाँ बोली प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल बोलीदाता को स्वीकृत बोली राशि पर नियमानुसार देय **GST, TDS** एवं अन्य लागू कर/शुल्क (यदि देय हों) का भुगतान करना होगा।
5. ₹1,80,000/- (रुपये **एक लाख अस्सी हजार मात्र**) के आरक्षित मूल्य से कम की कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. नीलामी समिति आवश्यकता होने पर सर्वाधिक एवं द्वितीय सर्वाधिक बोलीदाता से दरों के संबंध में वार्ता (Negotiation) कर सकेगी।
7. सफल बोलीदाता को कुल स्वीकृत बोली राशि का **50 प्रतिशत** (जिसमें पूर्व में जमा धरोहर राशि/EMD का समायोजन किया जाएगा) नीलामी के दिन ही जमा करवाना होगा। शेष **50 प्रतिशत** राशि **05 (पाँच) दिवस** के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। **सम्पूर्ण बोली राशि प्राप्त होने के पश्चात ही सामग्री निर्गमन (Gate Pass) जारी किया जाएगा।**
8. सफल बोलीदाता को सम्पूर्ण बोली राशि जमा करने की तिथि से **07 (सात) दिवस** के भीतर नीलाम सामग्री अपने स्वयं के व्यय, जोखिम एवं साधनों से उठानी होगी। निर्धारित अवधि के उपरान्त सामग्री की सुरक्षा, रख-रखाव अथवा किसी भी प्रकार की क्षति के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी उत्तरदायी नहीं होगा।
9. यदि सफल बोलीदाता निर्धारित अवधि में देय राशि जमा नहीं कराता अथवा निर्धारित समयावधि में नीलाम सामग्री नहीं उठाता है, तो उसकी **धरोहर राशि (EMD) जब्त** कर ली जाएगी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी को उक्त सामग्री की पुनः नीलामी कराने का पूर्ण अधिकार होगा। इस संबंध में सफल बोलीदाता का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
10. सफल बोलीदाता को छोड़कर अन्य सभी बोलीदाताओं की **धरोहर राशि (EMD)** नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में वापस कर दी जाएगी। इसके लिए **बैंक का नाम, खाताधारक का नाम, खाता संख्या एवं IFSC Code** स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
11. नीलामी हेतु उपलब्ध अनुपयोगी/नाकारा सामग्री का विक्रय **"जैसी है, जहाँ है" (As Is Where Is Basis)** के आधार पर किया जाएगा। सामग्री की गुणवत्ता, मात्रा अथवा स्थिति के संबंध में बाद में कोई दावा अथवा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
12. इच्छुक बोलीदाता नीलामी से पूर्व कार्यालय समय में उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं।
13. खुली बोली के समय बोलीदाता स्वयं अथवा उसका विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकता है। प्रतिनिधि के पास अधिकृत प्राधिकरण-पत्र (Authorization Letter) एवं वैध पहचान-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. नीलामी समिति बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, नीलामी को स्थगित अथवा निरस्त करने तथा आवश्यकता होने पर नीलामी की शर्तों में संशोधन अथवा परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
15. सर्वोच्च बोली प्राप्त होने मात्र से किसी भी बोलीदाता को नीलामी का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। नीलामी की अंतिम स्वीकृति का अधिकार **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी** के पास सुरक्षित रहेगा तथा उनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
16. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र **बूंदी (राजस्थान)** होगा।

22.06.2026

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**